संक्षिप्त

शर्मा का किया सम्मान

श्रीमाधोपुर । डॉ. पंकज शर्मा ने श्रीमाधोपुर के खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण किया। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। डॉ. शर्मा ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए प्रतिबद्धता जताई। तात्कालिक कार्यवाहक बीसीएमओ डॉ.राजेश मंगावा ने शर्मा को कार्यभार ग्रहण करवाया और सम्मान किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ करना है। इस दौरान विश्वनाथ शर्मा सहित प्रबुद्धजन एवं ब्लॉक के कार्मिकगण मौजूद रहें।

अवैध बजरी के दो ट्रैक्टर-ट्रोली जप्त

टोंक। दूनी थाना क्षैत्र में अवैध बजरी खनन के विरूद्व कार्यवाही करते थाना पुलिस ने दो ट्रेक्टर-ट्रोली जप्त किया। थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि थाने की गठित विशेष टीम ने दौराने गश्त राजमहल पेट्रोल पम्प के पीछे से अवैध बजरी खनन कर परिवहन करते दो बजरी से भरी ट्रेक्टर ट्रोलियो को जब्त किया। चालक व मलिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। इसी प्रकार थाना पुलिस द्वारा दौराने गश्त करचा दूनी से तेज आवाज मे टेप बजाते हुए पिकअप चालक रोशन लाल सैनी पुत्र रामस्वरूप जाति माली निवासी बांदीकुई रोड सिकन्दरा थाना सिकन्दरा जिला दौसा को गिरफ्तार कर टेप मशीन को जब्त किया गया।

पवन जैन संगम बने ब्लॉक अध्यक्ष

मालपुरा । अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रवि अग्रवाल निवाई, प्रदेश अध्यक्ष गिरिश गर्ग के निर्देश पर मालपुरा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर पवन जैन संगम की नियुक्ति की घोषणा की। साथ ही संगम को 15 दिवस मे अपनी कार्यकारिणी के गठन करने हेतु नियुक्त किया गया। समाज सेवा के क्षैत्र मे अग्रणी रहने वाले पवन जैन संगम रोटरी ग्रीन मे प्रान्त पदाधिकारी के साथ-साथ अनेक सामाजिक संगठनो मे अपनी सेवाऐं दी है। संगम की नियुक्ति पर भागचन्द गणवरिय,रघुनन्दन , अशोक लावा, आदि ने हर्ष व्यक्त कर प्रदेश व जिला संगठन का आभार व्यक्त किया।

छात्र छात्राओं को जुराब वितरण

श्रीमाधोपुर । निकटवर्ती ग्राम सिहोडी की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक चन्द्र प्रकाश सैनी द्वारा कक्षा एक से बारह तक के समस्त 226 छात्र- छात्राओं को जुराब वितरण किए गए।प्रधानाचार्य राकेश कुमार कुलदीप ने बताया कि सैनी ने शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय सम्मान पुरस्कार के रूप मे प्राप्त ग्यारह हजार रुपए का विद्यार्थियों के लिए सदुपयोग करते हुए सर्दी के मौसम में जुराब वितरण किए हैं,वो अनुकरणीय है,उनको विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद एवं आशा है कि समस्त विद्यालय परिवार इसी प्रकार छात्र छात्राओं और विद्यालय के लिए तत्पर रहेगा।इस अवसर पर सतीश चन्द्र, सुरेन्द्र शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार मिश्रा ने किया।

पलेई में निकाली जागृति रथयात्रा

निवाई। ग्राम पंचायत पलेई में मंगलवार को किसान महापंचायत जिलाध्यक्ष गोपीलाल जाट की अध्यक्षता में 29 जनवरी को आयोजित गांव बंद आन्दोलन के लिए जागृति रथ यात्रा निकाली गई। जो टोंक जिले के विभिन्न गांवों में पहुंचेंगी। पलेई में महिलाओं ने भी भागेदारी निभाई। इस अवसर पर युवा प्रदेशाध्यक्ष किसान महापंचायत रामेश्वरप्रसाद चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सीताराम, मीरा देवी, तुलसा देवी व रमेशी सहित कई किसान मौजूद थे।

तीन सदस्यों का हुआ मनोनयन

चौमू / कालाडेरा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले विभाग राजस्थान सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूं में उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति (शहरी स्तरीय समिति) में ग़ैर सरकारी सदस्यों का मनोनयन किया गया है । सलाहकार समिति में बाबूलाल कुमावत निवासी वार्ड नं.04, चौमूं , बनवारी लाल शर्मा निवासी चौमूं और नंदलाल सोरेला निवासी वार्ड नं. 38 चौमूं को मनोनीत किया गया है।

'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में विधायक धनकड़ ने की जनसुनवाई

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार से पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के पावटा कस्बे में जनता के बीच जाएंगे व जनता की जो स्थानीय व मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सुनी।

वहीं विधायक धनकड जनता से उनकी समस्याओं पर चर्चा कर उनकी समस्याओं का संबंधित विभागों के अधिकारियों से समाधान के पूर्ण प्रयास करने के निर्देश देते हुए गांव-गांव पहुंचकर आमजन से चर्चा करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से उन्हें अवगत करवाया। पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी व प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत कैरोडी ने बताया कि आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विधायक धनकड ने पावटा कस्बे के रामविहार शिव मंदिर, राज्यावाली नोकड़या चौराया, किशनलाल गुरुजी कॉलोनी, राठी मंदिर कॉलोनी सार्वजनिक चौक, ढाणी भारवाली सार्वजनिक चौक, ढाणी कादियान शिव मंदिर, बालनाथ कॉलोनी सागर कॉलेज के सामने, ढाणी धामाकाला पठान बाबा का मंदिर, शिवनगर हनुमान जी का मंदिर, जोहड़ा धाम पवुहारिदास मंदिर, प्रजापति मोहल्ला जनाना अस्पताल रोड, वाल्मीकि मोहल्ला धर्मशाला, जनाना अस्पताल कॉलोनी सार्वजनिक चौक, मोदी फैक्ट्री कॉलोनी, सैनियों की ढाणी हॉस्पिटल के सामने शिव मंदिर में ग्रामीणों के बीच जाकर जनसुनवाई की। इस दौरान विधायक धनकड का विभिन्न जगहों पर ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह माल्यार्पण करते हुए साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक कुलदीप धनकड ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें यही सरकार की सोच है। ग्रामीण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम के दौरान पावटा खंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ,तहसीलदार संजय खेदड, अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा, जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों की टीम व पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, कोटपुतली दक्षिण भोनावास मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अदाली, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, बद्री प्रसाद चौहान, रोहिताश ताखड, मनोहर सिंह, महेश राठी, योगेश शर्मा, नरेश यादव, गाड़ाराम, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई करते विधायक धनकड़।

- विधायक धनकड ने जनसुनवाई में जनता की स्थानीय व मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सुनी

संविधान गौरव अभियान का आगाज आज

टोंक। दलित समाज को साथ लेकर जिला मुख्यालय पर बीजेपी द्वारा संविधान गौरव अभियान का आगाज किया जाना यहां सुनिश्चित किया गया है, जिसके मुख्य वक्ता बीजेपी के सांसद राव राजेंद्र सिंह होगें। इस अभियान के सम्बन्ध में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने बताया कि कांग्रेस ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का कभी सम्मान नही किया, पूर्व प्रधानमंत्री प. जवाहर लाल नेहरू ने हमेशा उनके बारे में दुष्प्रचार किया तथा उनको टिकट नही देकर संसद तक नही पंहुचने दिया। बाबा साहब सदा दलितश्शोषित वर्ग के लिए जीवनभर कार्य करते रहे। हमारी भाजपा सरकार ने ही बाबा साहब एवं उनके द्वारा बनाये गये संविधान को गौरव प्रधान किये जाने के लिए यह अभियान छेडा है। हमने संविधान के आदेशो के तहत ही अयोध्या में राम मन्दिर बनाया है, धारा 370 हटाई व पंचतीर्थ बनाये, हमारी भाजपा सरकार ही संविधान का अक्षरक्ष पालन करती है। कांग्रेस ने संविधान का दुर्पयोग जितना किया उतना किसी ने नही किया, राहुल गांधी जिस संविधान का तंगा लिये घुमते है, जबकी दलितश्शोषित वर्ग के लिए हमारी सरकार ही कार्य करती आयी है।

सड़क की मांग को लेकर युवाओं ने निकाली 16 किलो मीटर की बाइक रैली

श्रीमाधोपुर। अजितगढ़ से रींगस भैरूजी मोड़ तक फोरलेन सड़क बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। इस मांग को लेकर मंगलवार को सैकड़ों युवाओं ने गांधीवादी तरीके से 16 किलोमीटर लंबी बाइक रैली निकाली। भाजपा नेता श्याम चौधरी के नेतृत्व में युवाओं ने इस मुद्दे को उठाते हुए एसडीएम अनिल कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह मार्ग क्षेत्र का एक व्यस्ततम सड़क मार्ग है, जहां हर दिन भारी यातायात और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। स्थानीय युवाओं का कहना है कि यह सड़क न केवल क्षेत्रीय विकास में सहायक होगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। फोरलेन सड़क बनने से यातायात सुगम होगा और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। युवाओं ने अपनी मांग शांतिपूर्ण और संगठित तरीके से रखते हुए गांधीवादी मार्ग अपनाया। बाइक रैली के जरिए उन्होंने लोगों को इस मुद्दे के प्रति जागरूक किया। रैली में शामिल युवाओं ने हाथों में तिरंगे लेकर सड़क निर्माण की मांग को बुलंद किया। उनका कहना था कि इस सड़क का फोरलेन होना लंबे समय से क्षेत्र की जरूरत है। भाजपा नेता श्याम चौधरी ने इस आंदोलन का नेतृत्व करते हुए कहा कि यह सड़क न केवल स्थानीय जनता के लिए आवश्यक है, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रैली के समापन पर एसडीएम अनिल कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में यह स्पष्ट किया गया कि अगर फोरलेन सड़क की मांग को नजर अंदाज किया गया,तो आंदोलन को और बड़ा रूप दिया जाएगा।

- मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

श्याम चौधरी के नेतृत्व में युवाओं ने इस मुद्दे को उठाते हुए एसडीएम अनिल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

निवाई । गांव खेड़ी गोकुलपुरा में महामंडलेश्वर विष्णुशरणदास महाराज के सानिध्य में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा का आयोजन भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। महामंडलेश्वर विष्णुशरणदास ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भजन सम्राट गौ ऋषि प्रकाशदास महाराज, आचार्य नीरज कुमार, भूतेश्वर महादेव मंदिर के महेश महाराज सहित कई साधु संतों के सानिध्य में विशाल कलशयात्रा के साथ किया। कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। इस दौरान कलशयात्रा में श्रद्धालुओं ने डीजे के मधुर भजनों पर जमकर भक्तिनृत्य किया। कलश यात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची। जहां विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोचार के साथ कलशों की स्थापना की गई। मंत्रोचारण से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर नवाबसिंह राठौड़, अजीतसिंह राठौड़, रुद्र बन्ना, जुली राठौड़, हितांशप्रताप सिंह, कमला तोमर, मालती राजपूत, दयासागर राजपूत, हरकिशनसिंह राजपूत, हर्ष कुमारी, ताराचंद महर, सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

एक साल में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिलाई बड़ी सौगातें : रामहेत

किशनगढ़ बास। पूर्व विधायक रामहेत यादव की अध्यक्षता में अनाज मंडी स्थित कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल प्रतिनिधि भाजपा वरिष्ठ नेता सतीश सिंघल भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाडा महिला मोर्चा जिला पदाधिकारी आशा गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल महिला मोर्चा अध्यक्ष माया खंडेलवाल विश्वास यादव युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पार्षद तेज सिंह सैनी सहित भाजपा नेता मौजूद रहे। बैठक का शुभारंभ पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित भाजपा नेताओं ने महापुरूषो के चित्रो पर माल्यापर्ण कर किया गया।

बैठक में सरपंच खुशीराम यादव के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हे श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष मनोज मित्तल को बनाये जाने पर पूर्व विधायक का सभी कार्यकर्ताओ ने आभार जताया। इस दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि 25 जनवरी को अलवर सांसद व केन्द्रिय मंत्री भूपेन्द्र सिंह यादव किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के बीबीरानी में आयोजित हो रही सांसद युवा खेल महोत्सव के तहत विशाल मैराथन दौड़ आयोजित हो रही है जिसमें स्कूली बच्चे भाग लेने आयेंगे। इस अवसर पर एक जनसभा आयोजित होगी इस जनसभा को भूपेन्द्र यादव सम्बोधित करेंगे। पूर्व विधायक रामहेत ने कार्यकर्ताओं को बताया कि केन्द्रिय मंत्री भूपेन्द्र सिंह यादव द्वारा राजस्थान सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में किशनगढ़ बास विधानसभा में चार ऐतिहासिक काम हुए है जिसमें सबसे प्रमुख खैरथल जिला यथावत रखना, 78 करोड़ की पेयजल योजना, खैरथल जिले को टपूकड़ा से सीधा जोडने वाली सड़क के लिए 78 करोड़ की राशि और ईआरसीपी में अपने जिले को जोडने के ऐतिहासिक काम कराये है। इन सभी ऐतिहासिक कार्यो को किशनगढ़बास विधानसभा मे स्वीकृत करवाने के लिए भूपेन्द्र सिंह यादव का बीबीरानी में जोश खरोस के साथ सब मिलकर स्वागत करेंगे।

- केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर पूर्व विधायक ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को पहुंचने का किया आवाहन

सांभर लवणीय झील में असहज हो रहे प्रवासी पक्षियों को खतरा

सांभरझील, (निसं)। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (पर्यावरण अदालत) की आदेश की बावजूद पर्यटन महोत्सव की आड़ में वेटलैंड क्षेत्र में कुछ ऐसी गतिविधियां संचालित की जा रही है जो प्रवासी पक्षियों को अब असहज महसूस होने लगा है। शांत वातावरण में लवणीय झील में अनेकों प्रजातियों के अति संवेदनशील पक्षी हर वर्ष यहां पर आते हैं, जिन्हें निहारने के लिए देश-विदेश से यहां पर्यटकों का आना-जाना रहता है। यद्यिप पर्यटन महोत्सव अभी शुरू नहीं हुआ है लेकिन आर्थिक उपार्जन के लिए यहां पर जो गतिविधियां की जा रही है उससे रामसर साइट, वेटलैंड अब खतरे में है। सांभर में पर्यटन विभाग द्वारा 24 से 28 जनवरी तक झील तल पैराग्लाइडिंग, पैरामोटरिंग, एटीवी राइड्स और जीप सफारी जैसी गतिविधियाँ नहीं हो इसके लिए न्यायालय की ओर से प्रतिबंधित किया गया है, लेकिन इसको दरकिनार करते हुए, बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से यह सब कुछ हो रहा है, जो कथित तौर पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के मानदंडों का उल्लंघन है। पक्षी प्रेमियों व आम लोगों का मानना है कि यदि इस प्रकार पर्यटन महोत्सव की आड़ में यदि ऐसा काम किया जा रहा है तो इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि प्रवासी पक्षियों को यहां आने में भी डर लगे और कहीं उनकी संख्या कम ना हो जाए। पर्यावरणविदों ने चिंता व्यक्त की है कि इस गड़बड़ी से राजहंस और अन्य प्रवासी पक्षियों के झुंड हमेशा के लिए दूर हो सकते हैं। यद्यिप पर्यटन विभाग पूर्व में पर्यावरणविद् आबिद अली को पत्र लिखकर विश्वास दिलाया था कि इस प्रकार की गतिविधियां संचालित नहीं होगी जिससे पक्षियों को कोई खतरा महसूस हो।

- नम भूमि क्षेत्र में हो रही है प्रतिबंधित गतिविधियां

'हॉर्टिकल्चर कार्य के नाम पर 57 लाख रुपए खर्च करने पर नहीं हुआ कार्य'

देवली । विकास कार्यों की आड़ में भ्रष्टाचार करने की बद नियति देखनी हो तो देवली नगर पालिका के द्वारा करवाएं गए कार्यों में साफ तौर पर देखी जा सकती है। इतना ही नहीं देवली नगर पालिका प्रशासन ने सरकारी धन का दुरुपयोग करने नियत पर अपने चहते ठेकेदार को लाखों का फायदा पहुंचा डाला।तो वहीं देवली शहर वासियों को गुमराह भी किया गया।

जी हां सूत्रों से मिली जानकारी पर ऐसा ही एक मामला यहां सामने आया है। हुआ यह की देवली नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कार्यालय ने शहर में हॉर्टिकल्चर कार्य करवाने के लिए 38 लाख 7 हजार और 18 लाख 90 हजार लगभग 57 लाख रुपए खर्च करने की योजना बनाई। और उक्त राशि को खर्च खर्च भी किया गया। इसके लिए पालिका प्रशासन ने 25 मार्च 2022 को ई निविदा निकालकर दो अलग-अलग स्थान पर हॉर्टिकल्चर कार्य करने के लिए टेंडर जारी कर दिए थे। इस पर अभी हाल ही में सोमवार को मामला यह भी सामने आया कि उक्त दोनों स्थानों पर कृषि हॉर्टिकल्चर का कार्य करने की बजाय।पालिका प्रशासन ने सीधे-सीधे बाजार से पौधे और घास खरीद करवा कर शहीद स्मारक उद्यान और भरतपुर हाउस परिसर के बाहर एवं नगर पालिका परिसर के बाहर लगवा दिए। जबकि यहां हॉर्टिकल्चर कार्य करने का टेंडर जारी किया गया था और इसी नीति के तहत कार्य होना था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

इस मामले में सूत्रों से यह मामला सामने आया कि। पालिका प्रशासन ने इस कार्य पेठे 57 लाख रुपए की राशि खर्च कर डाली है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि पालिका प्रशासन ने हॉर्टिकल्चर के नाम टेंडर तो जारी किया। लेकिन हॉर्टिकल्चर कार्य नीति नियम तहत कार्य नहीं करवाया आखिर क्यों ? और बाजार से चंद लाख के पौधे और घास खरीद करवा कर दोनों उधानों लगवा दिए। ऐसे में नाम नहीं छापने की शर्त पर कृषि कार्य विशेषज्ञ ने जानकारी में बताया है कि कृषि कार्यों में हॉर्टिकल्चर कृषि कार्य यह भी एक शाखा है। जिसे हॉर्टिकल्चर (संशय विज्ञान) कार्य कहते हैं। और बागवानी भी कह सकते हैं ।

विकास कार्यों की आड़ में भ्रष्टाचार करने की बद नियति देखनी हो तो देवली नगर पालिका के द्वारा करवाएं गए कार्यों में साफ तौर पर देखी रही है।

सार-समाचार

रत्ना कुमारी ने राष्ट्रीय महासचिव के पक्ष में मतदान करने की अपील की

शाहपुरा । भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा पिछले 5 दिन से दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रवास पर है। प्रवास के दौरान उन्होंने करोल बाग विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रत्ना कुमारी ने क्षेत्र का दौरा कर लोगों को भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया उन्होंने बताया कि अबकी बार दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी तो भाजपा ने जो वादे किए है वो सरकार बनते ही पूरे होंगे। घरेलू कामगारों के लिए वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जाएगा, उनके लिए 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख का दुर्घटना बीमा, उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और 6 महीने की पेड मैटरनिटी लीव का प्रावधान किया जाएगा। ऑटो - टैक्सी चालकों के लिए वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जाएगा, उन्हें 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख का दुर्घटना बीमा एवं वाहन बीमा और उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। सरकारी शिक्षण संस्थानों में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को से तक की मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के 25 करोड़ गरीब परिवार गरीबी से ऊपर उठे हैं। लोगों के जीवन स्तर में व्यापक बदलाव हुए हैं। इसी के साथ पीएम आवास योजनान्तर्गत देश के 3 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के आवास मुहैया करवाए गए हैं। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने की सोच के साथ उज्ज्वला योजना में उन्हें मुफ्त गैस सिलेण्डर प्रदान किए गए, पीएम मुद्रा योजना व एमएसएमई की रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में 60 प्रतिशत महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई है। राजीविका के लखपति दीदी कार्यक्रम से देश की 3 करोड़ महिलाओं के साथ प्रदेश की 5 लाख महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार होगा एवं देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग मिलेगा।

बाजार में आवारा कुत्तों का आतंक

फुलेरा । फुलेरा कस्बे में पिछले कई वर्षों से आवारा कुत्तों का आतंक छाया हुआ है। इसके चलते नगर पालिका के हर वार्ड में कुत्तों के झुण्ड के झुण्ड देखने को मिल रहे है। इसके बावजूद भी प्रशासन बेखबर होकर बैठा है। इसके चलते आमजन में आवारा कुत्तों को लेकर भय व्याप्त है। क्योंकि यह कुत्ते पैदल चलने वाले राहगीरों व साईकिल तथा मोटरसाइकिल सवारों के अचानक पिछे भागते है। इस वे हड़बड़ा कर गिर जाते है, अथवा अन्य किसी वाहन से टकराकर गिर जाते है। इससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो जाते है। गौरतलब है कि इसी तरह आवारा कुत्तों का झुण्ड अब फुलेरा के मुख्य बाजार में भी देखने मिल रहे है। इसको लेकर स्थानीय प्रशासन बेखबर होकर बैठा है, या यूं कहें कि शायद कोई बड़ी अनहोनी का इन्तजार कर रहा है। जबकि उक्त समस्या को लेकर कई संगठनों ने समय-समय पर प्रशासन को अवगत करवाया है। इसके बावजूद भी प्रशासन किसी तरह की कार्यवाही करने की पहल ही नहीं करता है। जानकारी के अनुसार स्थानीय चिकित्सालय में प्रतिमाह डॉगबाईट के 60-65 केस आ रहे है। इसके चलते कई बार तो डॉगबाईट के इंजेक्शन भी यहां पर उपलब्ध नही होते है। इसके चलते उक्त घायल रोगी को इंजेक्शन के लिए जयपुर जाने की बाध्यता बनी रहती है।

ऑनलाइन ठगी का आरोपी गिरफ्तार

बौंली-बामनवास। सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर शील्ड एंटीवायरस अभियान के तहत बौंली थाना प्रभारी राथा रमण गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक रूप सिंह, हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी, कांस्टेबल मुकेश कुमार एवं शीशराम की टीम ने साइबर सेल सवाई माधोपुर व साइबर पोर्टल से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी विनोद कुमार मीणा उम्र 25 वर्ष निवासी बहनौली को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो एंड्राइड मोबाइल 5 सिम कार्ड एक बैंक डायरी जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ बौंली पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं सहित आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। आरोपी द्वारा उपयोग में लिए जा रहे हैं बैंक खाता से अनुसंधान करने पर विभिन्न खातों से करीब 12 लाख रुपए खाते में ट्रांजैक्शन मिला है आरोपी द्वारा विभिन्न मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा से पैसा डबल, ट्रिपल करने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी की जा रही थी।सट्टा चैनल बनाकर ऑनलाइन ठगी का आरोपी गिरफ्तार

मस्से का दूरबीन से सफलतापूर्वक इलाज किया

देवली । शहर मे कोटा रोड स्थित अंकुर ईएनटी हॉस्पिटल में नाक के मस्से का एंडोस्कोपिक सर्जरी से सफल इलाज किया गया। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.गौरव व्यास ने बताया कि मरीज हरिकिशन निवासी गेरोली को विगत 6 महीने से नाक की बीमारी से परेशान था।जिसके चलते नाक बंद होना, बहना,सांस में तकलीफ,सिरदर्द,अनिंद्रा,भूख और सुगंध का कम होना, नाक से खून बहना और साइनस पर दबाव के कारण परेशान था। नाक से खून बहने के कारण तीन दिनों तक अन्य अस्पताल में भर्ती रहा।लेकिन आराम नही मिला। आस पास की सभी जगह दिखाने के बाद मरीज परेशान होकर विगत माह दिसंबर में यहां अंकुर ईएनटी हॉस्पिटल में आया। सभी जांच कराने के बाद नाक के साइनस (मेग्जिलरी साइनस) मे मस्सा होना पाया । मरीज को जिसको एक दिन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद एंडोस्कोपिक सर्जरी (बिना कोई चीरा फाड़ी) के मेग्जिलरी साइनस से सभी मस्सो तीन गुना तीन सेंमी साइज को एक एक करके बाहर निकाला गया । मरीज को एक दिन देखरेख में रखकर छुट्टी की गई।ऑपरेशन बाद पट्टी खोलने के मरीज से बात में बताया की वह पुरानी परेशानियों से मुक्त है। इस कार्य के लिए डॉ गोरव एवं हॉस्पिटल की पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

त्रिलोक चन्द बने मालपुरा पत्रकार संघ अध्यक्ष

मालपुरा । जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार करनानी व टोंक जिलाध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा के निर्देशानुसार मंगलवार को मालपुरा मुख्यालय पर पत्रकार संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे मौजूद पत्रकारो ने मालपुरा ब्लॉक की जार कार्यकारिणी का गठन किया जिसमे त्रिलोक चन्द श्रीमाल को मालपुरा जार ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवीन अध्यक्ष श्रीमाल ने अपनी कार्यकारिणी का गठन करते हुये संरक्षक रामजीलाल विजय, राकेश पारीक,वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद शर्मा,उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह नरूका,सचिव महेन्द्र जैन,संगठन मंत्री लोकेश पारीक, कोषाध्यक्ष अर्पित पारीक,सहसचिव रवि शर्मा, को मनोनीत कर आशीष जैन,पवन टेलर,देवीशंकर सोनी, मुजाहिद हाशमी,को संगठन सदस्य नियुक्त किया गया। मौजूद पत्रकारो ने नवमनोनीत जार अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी पदाधिकारियो का स्वागत कर एकजुट रहकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का विश्वास दिलाया।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत,दूसरा घायल

बौंली-बामनवास । क्षेत्र के खिरनी- बौंली सड़क मार्ग पर एक थार जीप की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को खिरनी पुलिस एंबुलेंस की सहायता से सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय लेकर गई जहां पर बाइक सवार आहद अली उम्र 19 वर्ष निवासी खिरनी की रास्ते में ही मौत हो गई एवं दूसरे गंभीर घायल कैफ अली उम्र 18 वर्ष निवासी खिरनी का गंभीर अवस्था में सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार आहद अली व कैफअली बाइक से भाडौती से अपने गांव खिरनी आ रहे थे इसी दौरान सामने से आ रही थार जीप ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सहित दोनों उछल कर खेतों में जा गिरे एवं थार जीप अनियंत्रित होकर खेतों में कूद गई थार जीप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों क्षितग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।